# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**<u>प्रेस कॉन्फ्रेंस दिनांक 18.04.2024</u>**

1. लोकसभा सामान्य निर्वाचन – 2024 प्रथम चरण की निर्वाचन संबंधी जानकारी–
   - कुल लोकसभा क्षेत्र – 01
   - लोकसभा क्षेत्र का नाम एवं क्रमांक : 10–बस्तर
   - मतदान दिनांक – 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार)
   - मतदान केन्द्रों की संख्या – 1961 (1957 मूल मतदान केन्द्र **+** 4 सहायक मतदान केन्द्र)
   - बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कुल अभ्यर्थी– 11 है, जिसमें 3 मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी, 6 रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी (गैरमान्यता प्राप्त) एवं 2 निर्दलीय अभ्यर्थी शामिल है।
   - मतदान का समय – प्रथम चरण के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय निम्नानुसार है–

     <u>सुबह 07:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक</u> – कोण्डागांव–83, नारायणपुर–84, जगदलपुर–86 (कुल 72 मतदान केन्द्रो के लिए), चित्रकोट–87, दंतेवाड़ा–88, बीजापुर–89 एवं कोंटा–90।

     <u>सुबह 07:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक</u> – बस्तर–85 एवं जगदलपुर–86 (शेष 175 मतदान केन्द्रो के लिए)।

2. लोकसभा निर्वाचन 2019 में बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचकों की कुल संख्या 13,77,935 थी, जो अब लोकसभा निर्वाचन 2024 में नामावली फ्रीज किये जाने के पश्चात बढ़कर 14,72,207 हो गयी है। इस प्रकार प्रथम चरण में पिछले लोकसभा निर्वाचन की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 94,272 (6.84 प्रतिशत) की वृध्दि हुई है। मतदाताओं का विवरण इस प्रकार है–
   - कुल मतदाता– 14,72,207
   - पुरूष मतदाता – 7,00,476
   - महिला मतदाता – 7,71,679
   - तृतीय लिंग मतदाता – 52

- 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाता – 47,010
- दिव्यांग मतदाता – 12,703
- 85+ आयुवर्ग के मतदाता – 3,487
- 100+ आयुवर्ग के मतदाता – 119
- सेवा मतदाता – 1603
- लिंगानुपात – 1102
- प्रति मतदान केन्द्र औसत मतदाताओं की संख्या – 870

3. प्रथम चरण के बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का लिंगानुपात 1000 से ज्यादा है।
4. लोकसभा निर्वाचन–2019 में प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत – 66.04% था।
5. प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 191 संगवारी मतदान केन्द्र, 8 दिव्यांगजनों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र एवं 36 युवाओं द्वारा संचालित मतदान केन्द्र बनाये गये है। 42 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है।
6. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं निकटवर्ती राज्य के जिलो में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात दिनांक 17 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है।
7. प्रथम चरण के निर्वाचन से संबंधित सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हेतु नियत तिथि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों हेतु भी दिनांक 19 अप्रैल 2024 को ''सवेतन अवकाश'' घोषित किया गया है।
8. प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों में दिनांक 17 अप्रैल 2024 की स्थिति में कुल 219 मतदाताओं (135 – 85+ आयुवर्ग एवं 84 – दिव्यांग) को घर–घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों में कुल 2188 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके है।

9. बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 1603 सेवा मतदाताओं को ETPB जारी किया गया है जिसकी वापसी डाक विभाग के माध्यम से प्रत्येक दिवस रिटर्निंग ऑफिसर, बस्तर को मुख्यालय जिले में हो रही है। दिनांक 17 अप्रैल 2024 की स्थिति में सेवा मतदाताओं के कुल 140 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं।

10. प्रथम चरण में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु 1961 मतदान दलों हेतु 7844 मतदान कर्मी + रिजर्व 2020 इस प्रकार कुल 9864 मतदान कर्मी नियुक्त है। जो शांतिपूर्ण निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु मतदान केन्द्रों में पहुंच चुके है। प्रथम चरण में 9971 निर्वाचन ड्यूटी कर्मियों को निर्वाचन कर्तव्य प्रमाणपत्र (EDC) जारी किया गया है तथा वे इसका उपयोग कर मतदान केन्द्र में ही अपना मतदान करेंगे।

11. दुर्गम एवं संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में कुल 156 मतदान दलों, जिसमें 919 मतदानकर्मी हैं, को हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान केन्द्रों में निर्वाचन संपन्न कराने के लिये भेजा जा चुका है। शेष 1805 मतदान दल बस के माध्यम से आज मतदान केन्द्रों में पहुंच चुके है।

12. बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के 8 विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इस चरण में कुल 61 मतदान केन्द्रों को Vulnerable एवं 196 Critical मतदान केन्द्र चिन्हांकित किये गये है, इन मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त सुरक्षा हेतु CAPF Deployment/WebCasting /Videography/Microobserver की व्यवस्था की गयी है।

13. मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्रों में निर्वाचन के लिये मतदान दलों के अलावा 307 सेक्टर ऑफिसर लगाये गये है। जो प्रत्येक 2 घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी अपने रिटर्निंग ऑफिसर को उपलब्ध कराएंगे।

14. प्रत्येक मतदान केन्द्र में Voters Assistance Booth में बीएलओ अल्फाबेटिकल मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे तथा मतदाताओं को उनका नाम एवं सरल क्रमांक खोजे जाने हेतु उनकी मदद करेंगे।

15. प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों के लिये उपयोग में लाये जा रहे मतदान मशीन की जानकारी निम्नानुसार हैः—

- कुल मतदान केन्द्र—1961
- कुल CU – 2556 (130 प्रतिशत)
- कुल VVPAT – 2729 (139 प्रतिशत)
- कुल BU – 2600 (133 प्रतिशत)

16. प्रथम चरण के कुल 1961 मतदान केन्द्रों में से 811 मतदान केन्द्रों पर वेब कास्टिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गई है, जिसके माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग उन मतदान केन्द्रों पर नजर रखेगा।

17. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 07:00 बजे से दिनांक 01 जून 2024 (शनिवार) को सायं 06:30 बजे तक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया पर निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल के प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है।

18. प्रथम चरण के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचना पर्ची का वितरण पूर्ण कर लिया गया है एवं अवितरित मतदाता सूचना पर्ची के आधार पर ASD List (Absentee, Shifted, Dead) तैयार कर मतदान दलों को प्रदान कर दिया गया है।

19. मतदाता मतदान केन्द्र में मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। मतदाता वैकल्पिक पहचान पत्र के रूप में निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे—

❖ आधार कार्ड,

❖ मनरेगा जॉबकार्ड,

❖ ड्राईविंग लाईसेंस,

❖ पेन कार्ड,

❖ भारतीय पासपोर्ट,

❖ फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,

- ❖ केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
- ❖ बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक,
- ❖ एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड,
- ❖ श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
- ❖ संसदों / विधायकों / विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र
- ❖ भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकतें है।

-----00-----

| PC Bastar (1st Phase) : Final No. of Electors | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AC No. | AC Name | District Name | PC No. & Name | Male | Female | Third Gender | Total |
| 83 | Kondagaon | KONDAGAON | 10-BASTAR | 90586 | 97328 | 6 | 187920 |
| 84 | Narayanpur | NARAYANPUR | 10-BASTAR | 92882 | 100167 | 3 | 193052 |
| 85 | Bastar | BASTAR (JAGDALPUR) | 10-BASTAR | 81408 | 87314 | 3 | 168725 |
| 86 | Jagdalpur | BASTAR (JAGDALPUR) | 10-BASTAR | 100004 | 109388 | 29 | 209421 |
| 87 | Chitrakoat | BASTAR (JAGDALPUR) | 10-BASTAR | 84676 | 96098 | 2 | 180776 |
| 88 | Dantewada | DAKSHIN BASTAR DANTEWADA | 10-BASTAR | 88202 | 101003 | 1 | 189206 |
| 89 | Bijapur | BIJAPUR | 10-BASTAR | 82168 | 88653 | 8 | 170829 |
| 90 | Konta | SUKMA | 10-BASTAR | 80550 | 91728 | 0 | 172278 |
| **Total** | | | | **700476** | **771679** | **52** | **1472207** |

## VOTER TURNOUT-IST PHASE -BASTAR PC

| AC NO. | AC NAME | AE 2018 | | | | AE 2023 | | | | LE 2019 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Male % | Female % | TG % | TOTAL% | Male % | Female % | TG % | TOTAL% | Male % | Female % | TG % | TOTAL% |
| 83 | 83 - Kondagaon | 83.89% | 83.10% | 0.00% | 83.48% | 82.43 | 82.32 | 100.00 | 82.37 | 78.98 | 77.70 | 50.00 | 78.33 |
| 84 | 84 - Narayanpur | 75.30% | 74.49% | 0.00% | 74.88% | 75.52 | 74.62 | 50.00 | 75.06 | 68.07 | 67.43 | 0.00 | 67.74 |
| 85 | 85 - Bastar | 84.13% | 83.18% | 0.00% | 83.64% | 85.50 | 83.88 | 100.00 | 84.67 | 82.27 | 80.40 | 33.33 | 81.31 |
| 86 | 86 - Jagdalpur | 77.91% | 78.75% | 4.35% | 78.33% | 78.55 | 78.40 | 27.59 | 78.47 | 77.11 | 77.11 | 24.00 | 77.10 |
| 87 | 87 - Chitrakot | 82.34% | 78.50% | 100.00% | 80.32% | 82.63 | 80.98 | 100.00 | 81.76 | 79.10 | 75.48 | 0.00 | 77.19 |
| 88 | 88 - Dantewara | 61.47% | 59.84% | 0.00% | 60.62% | 70.58 | 69.27 | 0.00 | 69.88 | 57.71 | 55.71 | 0.00 | 56.67 |
| 89 | 89 - Bijapur | 49.48% | 47.58% | 11.11% | 48.49% | 49.03 | 47.75 | 50.00 | 48.37 | 44.29 | 40.28 | 50.00 | 42.20 |
| 90 | 90 - Konta | 55.51% | 55.11% | 0.00% | 55.30% | 63.83 | 62.52 | 0.00 | 63.14 | 48.46 | 46.14 | 0.00 | 47.23 |
| | **TOTAL** | **71.27%** | **69.92%** | **6.81%** | **70.57%** | **73.81%** | **72.76%** | **40.42%** | **73.26%** | **67.13%** | **65.03%** | **29.27%** | **66.04%** |

**Details of Critical Polling Stations and Polling Stations having Vulnerable Areas for Phase-01 of Chhattisgarh Lok Sabha Elections 2024**

| S No. | District | Critical Polling Stations | No. of Polling Station having Vulnerable Areas |
|---|---|---|---|
| 1 | **Bastar** | 43 | 40 |
| 2 | **Sukma** | 28 | - |
| 3 | **Bijapur** | 67 | - |
| 4 | **Kondagaon** | 3 | - |
| 5 | **Narayanpur** | 24 | - |
| 6 | **Dantewada** | 31 | 21 |
| **Total** | | **196** | **61** |

Note* - All polling stations having vulnerable areas are included in the list of critical polling stations

## दिनांक 18.04.2024 की स्थिति में हेलीड्रापिंग

| लोकसभा क्षेत्र का कमांक एवं नाम | जिला का नाम | P-3 मतदान केन्द्र | P-2 मतदान केन्द्र | योग | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 10–बस्तर | नारायणपुर | 0 | 33 | 33 | IAF के 06 हेलीकॉप्टर तथा BSF के 03 हेलीकॉप्टर से 156 मतदान दलों को मतदान केन्द्रों तक परिवहन किया गया। |
| | बीजापुर | 35 | 41 | 76 | |
| | सुकमा | 21 | 21 | 42 | |
| | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 0 | 3 | 3 | |
| | कोण्डागांव | 0 | 2 | 2 | |
| योग | | 56 | 100 | 156 | |

Scanned with CamScanner